दिन– रविवार    दिनांक– 27 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।    अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

02. विधानसभा उपचुनाव को लेकर चार सीटों पर नामांकन का कार्य सम्पन्न होने के बाद चुनाव प्रचार तेज।

03. बेगूसराय स्थित बरौनी रिफाईनरी से अगले वर्ष से पॉलीप्रोपिलीन का उत्पादन शुरू होगा। प्लास्टिक से जुड़े उद्योग और रोजगार में आयेगी क्रांति।

04. और, चक्रवाती तूफान दाना के प्रभाव से प्रदेश के कई हिस्सों में कल रात से हो रही है रूक–रूक कर बारिश।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक कार्यक्रम की एक सौ पन्द्रहवीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा। इसके साथ ही यह आकाशवाणी वेबसाइट तथा न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर भी उपलब्ध होगा। मन की बात कार्यक्रम का आकाशवाणी, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारण होगा। मन की बात कार्यक्रम के तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

———————————————————————————

विधानसभा उपचुनाव को लेकर चार सीटों पर नामांकन का कार्य सम्पन्न होने के बाद चुनाव प्रचार तेज हो गया है। एनडीए और महागठबंधन के नेता अपने–अपने उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी सभाओं को सम्बोधित कर रहे है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने रामगढ़ निर्वाचन क्षेत्र में एनडीए प्रत्याशी अशोक कुमार सिंह के पक्ष में चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि रामगढ़ क्षेत्र के विकास, सुरक्षा और समृद्धि के लिए एनडीए की जीत जरूरी है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार बिहार को विकास के रास्ते पर आगे ले जा रही है। इधर, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि रामगढ़ से भारतीय जनता पार्टी की जीत होने पर इस क्षेत्र का सर्वांगीण

विकास होगा। हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक जीतनराम मांझी ने इमामगंज क्षेत्र में एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार के दौरान जन सुराज पार्टी पर धन बल का दुरूपयोग करने का आरोप लगाया। वहीं, राजद के वरिष्ठ नेता और विधान सभा के पूर्व अध्यक्ष उदय नारायण चौधरी ने इमामगंज विधानसभा क्षेत्र में बांके बाजार में राजद प्रत्याशी रौशन कुमार के पक्ष में जनसभा को सम्बोधित किया।

———————————————————————————

राज्य के चार विधानसभा क्षेत्रों तरारी, बेलागंज, इमामगंज और रामगढ़ उपचुनाव में प्रत्याशियों द्वारा भरे गए नामांकन कि कल जांच की जाएगी। कुल पचास उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। बेलागंज विधानसभा क्षेत्र से सबसे अधिक सत्रह उम्मीदवारो ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। इनमें जदयू से मनोरमा देवी और राजद से विश्वनाथ कुमार सिंह अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। तरारी से महागठबंधन से भाकपा माले के राजू यादव, भाजपा से विशाल प्रशांत और जन सुराज पार्टी की किरण सिंह समेत कुल चौदह उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। वहीं, इमामगंज विधानसभा क्षेत्र से दस उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है जिनमें हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा की दीपा कुमारी, राजद से रौशन कुमार और जन सुराज से जितेन्द्र पासवान प्रमुख उम्मीदवार हैं। रामगढ़ से राजद के अजित कुमार सिंह, भाजपा के अशोक कुमार सिंह और जन सुराज पार्टी के सुशील कुमार सिंह समेत नौ प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किये हैं। तीस अक्टूबर तक प्रत्याशी अपना नाम वापस ले सकते हैं। मतदान तेरह नवम्बर को होगा। मतों की गिनती तेईस नवम्बर को की जायेगी

———————————————————————————

प्रदेश के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार ने गया वन प्रमंडल अंतर्गत ब्रह्म वन में छह करोड़ चालीस लाख रूपये़ की लागत से गया जिले के छह पार्को के सौंदर्यीकरण और विकास कार्य का शिलान्यास किया। मंत्री ने कहा कि बदलते मौसम और गया जिले में वर्षा की कमी के कारण पर्यावरण समस्याएं गंभीर रूप ले रही हैं। उन्होंने कहाकि पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों को मिलकर काम करना होगा। श्री कुमार ने कहा कि इस वित्तीय वर्ष में गया वन प्रमंडल के अंतर्गत वन भूमि पर लगभग नौ लाख पौधों के साथ कुल चौबीस लाख पौधे लगाए गए है। मंत्री ने इसके साथ ही चार स्थानों पर मृदा और भू जल संरक्षण कार्य, अनुसूचित जाति तथा जनजाति समूह के लोगों के उत्थान के लिए साल के पत्तों से प्लेट बनाने की मशीन, सोलर लाइट, चेक डैम, अगरबत्ती बनाने की मशीन, नैपकिन मशीन, महुआ फुल से लड्डू बनाने की मशीन, सिलाई मशीन, मधुमक्खी पालन के लिए बॉक्स, प्रशिक्षण जैसी योजनाओं का शिलान्यास किया।

---

दिवाली और छठ पूजा के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे सात नवम्बर तक विशेष रेलगाडियों के एक सौ पंचानवे अतिरिक्त फेरे लगाएगा। यह रेलगाड़ियां नई दिल्ली और आनंद विहार रेलवे स्टेशन से चलेंगी। इन रेलगाडियों में विशेष तौर पर पटना, कटिहार, दरभंगा सहित पूर्व दिशा की ओर जाने वाली रेलगाडियां शामिल हैं। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा ने बताया है कि यात्रियों के आरामदायक सफर के लिए पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष एक लाख सत्तर हजार से अधिक अतिरिक्त सीटें उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि इन विशेष रेलगाडियों में अनारक्षित श्रेणी के लगभग चौवन हजार यात्रियों के लिए भी सीटें बढ़ाई गई हैं। श्री वर्मा ने बताया है कि यात्रियों की भीड़भाड़ को व्यवस्थित करने के लिए नई दिल्ली और आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर विशेष पंडाल लगाए जा रहे हैं। जहां यात्री टिकट खरीदने के साथ ही आराम कर सकेंगे।

---

बेगूसराय जिले में स्थित बरौनी रिफाईनरी से अगले वर्ष से पॉलीप्रोपिलीन का उत्पादन शुरू होगा। रिफाईनरी के कार्यकारी निदेशक और प्रमुख सत्य प्रकाश ने बताया कि इससे प्लास्टिक से जुड़े उद्योग और रोजगार में क्रांति आयेगी। उन्होंने बरौनी में कहा कि पन्द्रह हजार करोड़ रूपये के निवेश से बरौनी को पेट्रोकेमिकल के बड़े हब के रूप में विकसित किया जाएगा। इससे बड़े पैमाने पर प्लास्टिक के उद्योग खुलेंगे और लोगों को रोजगार मिलेगा। श्री प्रकाश ने कहा कि इसके उत्पादन के एक अच्छा ईकोसिस्टम भी बनेगा। वहीं, औरंगाबाद जिले के नवीनगर और बारून प्रखंड की सीमा पर स्थित एनटीपीसी सुपर थर्मल पावर परियोजना का विस्तार किया जायेगा। नबी नगर एनटीपीसी सुपर थर्मल पावर परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक सह परियोजना प्रमुख चंदन कुमार सामंता ने कहा कि स्टेज दो के तहत आठ–आठ सौ मेगावाट क्षमता की तीन इकाईयां स्थापित की जाएगी। इस परियोजना से चौबीस सौ मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी की ओर से आसपास के पैंतीस गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और यातायात जैसी कई बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है।

---

भारत अंतरिक्ष में वर्ष दो हजार पैंतीस तक अपना अंतरिक्ष केन्द्र स्थापित करेगा, जिसे भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन के नाम से जाना जाएगा। केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने नई दिल्ली में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन – इसरो और जैव प्रौद्योगिकी विभाग के बीच एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर समारोह में यह

बात कही। उन्होंने कहा कि सहमति पत्र का उद्देश्य जैव प्रौद्योगिकी को अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के साथ एकीकृत करना है जिससे देश में वैज्ञानिक नवाचार के एक नए युग की शुरुआत होगी।

———————————————————————

चक्रवाती तूफान दाना के प्रभाव से प्रदेश के कई हिस्सों में कल रात से ही रूक–रूक का बारिश हो रही है। पटना के अलावा शेखपुरा जमुई कटिहार भागलपुर और बेगूसराय और आसपास के कई जिलों में अच्छी बारिश हुई है। मौसम विभाग के अनुसार आज आसमान में बादल छाये रहेंगे, जिससे अधिकतम तापमान में कमी आयेगी। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के दक्षिण–पूर्वी भागों में हल्की से मध्यम स्तर के बारिश की संभावना है। वहीं, शेष स्थानों पर भी हल्की बारिश की आशंका व्यक्त की गई है।

———बाईट———

———————————————————————

पश्चिम चम्पारण जिला के वाल्मीकिनगर में भारत–नेपाल जिलास्तरीय सीमा समन्वय समिति के अधिकारियों की त्रैमासिक बैठक हुई। बैठक में नेपाल के सीमावर्ती जिलों के उच्च अधिकारी और पूर्वी चम्पारण जिले के जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक शामिल हुये। बैठक में पिछली बैठक की उपलब्धि, सीमा पार अपराध तस्करी, नशीली दवाओं की तस्करी, नकली मुद्राएं सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विचार–विमर्श की गयी।

———————————————————————

कर्मचारी राज्य बीमा योजना में इस वर्ष अगस्त में बीस लाख चौहत्तर हजार से भी अधिक नए कर्मचारियों ने अपना पंजीकरण कराया है। विछले कुछ वर्षों के आंकडों के अनुसार, गत वर्ष अगस्त माह की तुलना में पंजीकरण में छह दशमलव आठ प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इनमें से नौ लाख नवासी हजार कर्मचारी पचचीस वर्ष से कम आयु वर्ग के हैं जो कुल पंजीकृत संख्या का सैंतालीस दशमलव छह–आठ प्रतिशत है। जबकि, चार दशमलव एक–चार लाख कर्मचारी महिला वर्ग की हैं। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने कहा है कि इस अवधि के दौरान अट्ठाईस हजार नौ सौ सत्रह नए प्रतिष्ठानों को कर्मचारी राज्य बीमा योजना के दायरे में लाया गया है।

———————————————————————

राज्य आपदा प्रबंधन ने स्कूलों में आपदा प्रबंधन समिति गठन करने के मामले में वैशाली जिले को प्रथम स्थान दिया है। समिति की ओर से जारी रैंकिंग में जिले में

निन्यानवे प्रतिशत से अधिक समितियों का गठन किया गया है। वहीं, पूर्णियां दूसरे और अरवल तीसरे स्थान पर है।

———————————————————————————

बिहार सरकार ने अपर पुलिस महानिदेशक जे. एस. गंगवार को सिविल डिफेंस का महानिदेशक सह आयुक्त नियुक्त किया है। गृह विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार श्री गंगवार पुलिस मुख्यालय के महानिदेशक के अतिरिक्त प्रभार में भी रहेंगे। इसके साथ ही पांच नये आईपीएस अधिकारियों का भी जिला आवंटित किया गया है।

———————————————————————————

प्रदेश में डेंगू के नये मामलों के मिलने का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्यभर से दो सौ चार नये मरीजों की पुष्टि हुई है। इसमें सबसे अधिक पटना से निन्यानवे मामले हैं। राज्य में अब तक डेंगू मरीजों की संख्या छह हजार छह सौ छप्पन हो गयी है।

———————————————————————————

पटना के मोइनुल हक स्टेडियम में बिहार और कर्नाटक के बीच खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी मुकाबले के दूसरे दिन कर्नाटक की टीम आज सोहल रन से आगे खेलना शुरू करेगी। बिहार की पहली पारी में बनाए गए एक सौ तैंतालीस रनों के जवाब में कल कर्नाटक ने तीन ओवर में बिना किसी नुकसान के सोलह रन बनाए थे। वहीं पहली पारी में बिहार की ओर से सरमन निग्रोध ने सबसे अधिक साठ रनों की अर्द्धशतकीय पारी खेली। कर्नाटक की ओर से एस. गोपाल ने चार विकेट झटके थे।

———————————————————————————

पटना एयरपोर्ट पर विमानों के परिचालन के लिए नई समय सारणी लागू की है। नई समय सारणी के अनुसार आज से उनचास जोड़ी विमान की आवाजाही होगी।

———————————————————————————

परिवहन विभाग ने सभी जिलों को जुर्माने की राशि नब्बे दिनों में जमा नहीं करने पर वाहनों को काली सूची में डालने का निर्देश दिया है। विभाग के अनुसार इसके बाद वाहन का फिटनेस, प्रदूषण और स्वामित्व जैसे कार्य नहीं कराये जा सकेंगे।

———————————————————————————

अररिया जिले में एशियन हॉकी चौंपियन ट्रॉफी वीमेन गौरव यात्रा के पहुंचने पर टाउन हॉल अररिया में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। गौरव यात्रा का जिला प्रशासन अररिया के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। सम्मान समारोह में जिला पदाधिकारी अनिल कुमार ने गौरव यात्रा टीम के सदस्यों का अभिवादन किया।

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गंगा नदी में छठ घाटों की तैयारी के निरीक्षण को बड़ी खबर बनाया है। अखबार ने मुख्यमंत्री के हवाले से लिखा है– छठ घाटों पर सुरक्षा–सुविधा के पुख्ता इंतजाम होंगे। छठ घाटों पर बनेंगे आयुष्मान कार्ड।

दैनिक जागरण ने भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले जा रहे टेस्ट क्रिकेट सीरिज पर लिखा है– भारत बारह वर्षों में पहली बार घर में टेस्ट सीरिज हारा।

दैनिक भास्कर का शीर्षक है– शीत सत्र में जम्मू–कश्मीर को राज्य बनाने का प्रस्ताव।

प्रभात खबर ने उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के हवाले से लिखा है– प्रदेश में शहरीकरण को मिलेगा बढ़ावा, दो माह में आयेगी नई पॉलिसी।

आज अखबार की सुर्खी है– सत्तरवीं बीपीएससी भर्ती में बढ़ाये गये चार और पद।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...............

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

02. विधानसभा उपचुनाव को लेकर चार सीटों पर नामांकन का कार्य सम्पन्न होने के बाद चुनाव प्रचार तेज।

03. बेगूसराय स्थित बरौनी रिफाईनरी से अगले वर्ष से पॉलीप्रोपिलीन का उत्पादन शुरू होगा। प्लास्टिक से जुड़े उद्योग और रोजगार में आयेगी क्रांति।

04. और, चक्रवाती तूफान दाना के प्रभाव से प्रदेश के कई हिस्सों में कल रात से हो रही है रूक–रूक कर बारिश।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।